KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

प्रश्नः- **Quad की स्थापना, उद्देश्य, भारत के लिए क्वाड का महत्व, बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत और क्वाड की भूमिका।**

# BPSC - Mentorship — Polity MCQ - 38

**1.** 1853 के चार्टर अधिनियम के प्रावधानों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचाय कीजिए -

1. इसने गवर्नर जनरल की परिषद के विधायी और कार्यकारी कार्यों को पृथक कर दिया।
2. इसने सिविल सेवकों के चयन के लिए खुली प्रतियोगिता आरम्भ की।
3. इसने बंबई और मद्रास के गवर्नरों को उनकी विधायी शक्तियों से वंचित कर दिया ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**2.** ब्रिटिश भारत के एक अधिनियम से संबंधित निम्नलिखित प्रावधानों पर विचार कीजिए

1. इसने एक अखिल भारतीय परिसंघ का प्रावधान किया था जिसमें प्रांत और रियासतें सम्मिलित होती ।
2. इसने प्रांतों में द्वैध शासन व्यवस्था को समाप्त कर दिया और प्रांतीय स्वायत्तता प्रारंभ की।
3. इसने भारत शासन अधिनियम, 1858 द्वारा स्थापित भारत परिषद (Council of India) को भंग कर दिया।

उपर्युक्त प्रावधान निम्नलिखित में से किस अधिनियम से संबंधित है?

(a) भारत शासन अधिनियम, 1909
(b) भारत शासन अधिनियम, 1919
(c) भारत शासन अधिनियम, 1935
(d) भारतीय परिषद अधिनियम, 1861

**3.** भारत शासन अधिनियम, 1858 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए

1. इसने पिट्स इंडिया एक्ट, 1784 द्वारा प्रारम्भ भारत में द्वैध शासन की प्रणाली समाप्त कर दी।
2. इसने भारत के गवर्नर जनरल का पदनाम परिवर्तित करके भारत का वायसराय कर दिया।
3. इसने भारत के लिए राज्य सचिव का नया पद सृजित किया जो ब्रिटिश मंत्रिमंडल का सदस्य होता था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**4.** 1833 के चार्टर अधिनियम के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है हैं?

1. इस अधिनियम ने ईस्ट इंडिया कंपनी की वाणिज्यिक गतिविधि समाप्त कर दी और उसे महज प्रशासनिक निकाय बना दिया।
2. इसने बंगाल के गवर्नर जनरल को भारत का गवर्नर जनरल बना दिया और उसमें सभी नागरिक (असैन्य ) और सैन्य शक्तियां निहित कर दीं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**5.** 1861 के भारतीय परिषद अधिनियम के संदर्भ में नीचे दिया गया कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) इसने बंगाल और पंजाब के लिए नए विधान परिषदों की स्थापना का प्रावधान किया।
(b) इसने विधान परिषद की सहमति के बिना वायसराय को अध्यादेश जारी करने का अधिकार दिया।
(c) इसने प्रावधान किया कि वायसराय अपनी विधान परिषद में भारतीयों को मनोनीत कर सकता है।
(d) इसने केन्द्रीय लोक सेवा आयोग की स्थापना के लिए प्रावधान किया।

6. 1909 के भारतीय परिषद अधिनियम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. इसने भारत में साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व की प्रणाली प्रारंभ की।
2. इसने देश में द्विसदनात्मक विधान मंडल और प्रत्यक्ष चुनावों का शुभारंभ किया।
3. इसने पहली बार विधायी परिषदों को बजट पर चर्चा करने की शक्ति प्रदान की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है?

(a) केवल । (b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

7. 1773 के रेग्युलेटिंग एक्ट के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. बंबई और मद्रास प्रेसीडेंसी के गवर्नर, बंगाल के गवर्नर जनरल के अधीन कर दिए गए।
2. इसमें कलकत्ता में सुप्रीम कोर्ट की स्थापना के लिए प्रावधान किया गया था।
3. ईस्ट इंडिया कंपनी के सेवकों को निजी व्यापार करने की अनुमति दी गई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा से सही

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**8.** निम्नलिखित में से किसके अंतर्गत प्रथम विधि आयोग स्थापित किया गया था?
(a) 1833 का चार्टर एक्ट (b) भारत शासन अधिनियम 1858
(c) भारतीय परिषद अधिनियम, 1861
(d) 1853 का चार्टर एक्ट

**9.** निम्न में से किसे, वायसराय की कार्यपालिका परिषद् का प्रथम भारतीय सदस्य बनाया गया
(a) सत्येन्द्र भाई पटेल (b) विठ्ठलभाई पटेल
(c) चितरंजन दास (d) सत्येन्द्र प्रसाद सिन्हा

**10.** भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 लागू होने के बाद देश में क्या परिवर्तन हुए?
1. भारत के गवर्नर जनरल को संवैधानिक प्रमुख के रूप में कार्य करना था।
2. संविधान सभा को निर्वाचक और विधायी शक्तियां प्रदान की गई थीं।
3. ब्रिटिश क्राउन अब प्राधिकार का स्रोत नहीं रहा।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) 1, 2 और 3 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 2

**11.** भारत सरकार अधिनियम, 1935 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही नहीं है?
(a) इसमें महिलाओं के लिए पृथक निर्वाचक मंडल प्रदान किया गया।
(b) इसमें संघ लोक सेवा आयोग की स्थापना का प्रावधान किया गया था।
(c) इसमें संघीय न्यायालय की स्थापना का प्रावधान किया गया।
(d) इसमें सभी प्रांतों में द्विसदनीय पद्धति को समाप्त कर दिया गया।

**12.** ''वे भारत सरकार अधिनियम, 1935 में निहित निर्देशों के समान हैं जिन्हें बाद में भारत के संविधान में समाविष्ट किया गया था। वे न तो कोई विधिक अधिकार प्रदान करते हैं और न ही उनके उल्लंघन के विरुद्ध कोई वैधानिक उपाय है।
उपर्युक्त परिच्छेद द्वारा भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन से प्रावधान की सर्वश्रेष्ठ व्याख्या है?
(a) मूल कर्तव्य (b) राज्य के नीति निदेशक तत्व
(c) उद्देशिका (d) मूल अधिकार

**13.** भारत सरकार अधिनियम, 1919 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. भारतीय विधान परिषद को द्विसदनात्मक विधायिका प्रतिस्थापित किया गया है।
2. प्रांतीय विधायिकाओं को अपने बजट अधिनियमित करने का अधिकार दिया गया था।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा से सही है?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा से अधिनियम, ईस्ट इंडिया कंपनी पर संसदीय नियंत्रण के शुरुआत को चिह्नित करते हैं?
(a) 1813 का चार्टर अधिनियम
(b) 1833 का चार्टर अधिनियम
(c) 1784 का पिट्स इंडिया एक्ट
(d) 1773 का रेग्युलेटिंग एक्ट:

15. भारत सरकार अधिनियम, 1935 में श्अन्तविष्ट अनुदेश-प्रपत्रश को वर्ष 1950 में भारत के संविधान में किस रूप में समाविष्ट किया गया?
(a) मूल अधिकार
(b) राज्य के नीति निदेशक तत्व
(c) राज्य की कार्यपालिका शक्ति का विस्तार
(d) भारत सरकार के कार्य का संचालन

**16.** निम्नलिखि कथनों में से कौन-सा एक सही है?
(a) वर्ष 1946 में प्रान्तीय सभाओं द्वारा भारत की संविधान सभा (Constituent Assembly of India) चुनी गई।
(b) जवाहरलाल नेहरू, एम. ए. जिन्ना और सरदार वल्लभभाई पटेल भारत की संविधान सभा के सदस्य थे।
(c) भारत की संविधान सभा का प्रथम अधिवेशन (First Session) जनवरी, 1947 में हुआ।
(d) भारत का संविधान 26 जनवरी, 1950- को अंगीकृत (Adopted) किया गया।

**17.** भारत में ब्रिटेन के सभी संवैधानिक प्रयोगों में से सबसे कम समय तक चला-
(a) वर्ष 1861 का इण्डियन काउन्सिल एक्ट
(b) वर्ष 1892 का इण्डियन काउन्सिल एक्ट
(c) वर्ष 1909 का इण्डियन काउन्सिल एक्ट
(d) वर्ष 1919 का गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया एक्ट

**18.** पहली बार श्संघीय संरचनाश भारत को किस अधिनियम द्वारा दी गयी?
(a) अधिनियम-1909 (b) अधिनियम-1919
(c) अधिनियम-1935 (d) अधिनियम-1947

**19.** किस अधिनियम के तहत श्नियंत्रण बोर्डश का गठन किया गया था?
(a) 1773 का रेगुलेटिंग एक्ट (b) 1784 का पिट्स इंडिया एक्ट
(c) 1833 का चार्टर एक्ट (d) 1853 का चार्टर एक्ट

**20.** किस अधिनियम द्वारा केन्द्र में श्द्वैध शासन प्रणालीश की शुरूआत की गई-
(a) भारत शासन अधिनियम, 1909
(b) भारत शासन अधिनियम, 1919
(c) भारत शासन अधिनियम, 1935
(d) भारत शासन अधिनियम, 1892

**21.** मूल अधिकारों और राज्य की नीति निदेशक तत्वों का न्यायोचित और गैर-न्यायोचित अधिकारों के रूप में वर्गीकरण, निम्नलिखित में से किस स्रोत से अपनाया गया है?
(a) आयरलैंड का संविधान (b) वाइमर संविधान
(c) कनाडा का संविधान (d) ऑस्ट्रेलिया का संविधान

**22.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-

| | संविधान सभा की | | अध्यक्ष समितियां |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रारूप समिति | : | बी. आर. अम्बेडकर |
| 2. | संचालन समिति | : | जवाहर लाल नेहरू |
| 3. | संघीय शक्ति | : | राजेन्द्र प्रसाद समिति |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**23.** भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 द्वारा संविधान सभा में निम्नलिखित में से कौन-सा से परिवर्तन किया / किए गया/गए था / थे?

1. संविधान सभा को पूर्ण संप्रभु सम्पन्न निकाय बनाया गया था।
2. संविधान निकाय (सभा) को देश के लिए साधारण कानूनों का अधिनियमन करने का कार्य दिया गया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1. न ही 2

**24.** संविधान सभा द्वारा भारत में सरकार का संसदीय रूप अपनाये जाने के क्या कारण थे?

1. भारत को पहले से ही संसदीय प्रणाली में कार्य का अनुभव था।
2. व्यक्ति पूजन की परंपरा के विकास की रोकथाम के रक्षोपाय के रूप में।
3. त्वरित निर्णय लेने के लिए।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**25.** संविधान सभा के गठन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. प्रांतों और रियासतों को आवंटित सीटें क्षेत्र के अनुपात में थी।
2. प्रत्येक ब्रिटिश प्रांत को आवंटित सीटें केवल हिन्दुओं और मुस्लिमों के मध्य निर्धारित की जानी थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/है?
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1. न ही 2

**26.** संविधान सभा की निम्नलिखित समितियों में से किसकी/किनकी अध्यक्षता पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा की गई थी ?

1. प्रांतीय संविधान समिति 2. संघीय संविधान समिति
3. संघीय शक्ति समिति

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 1 और 3

**27.** निम्नलिखित में से कौन-सा से प्रावधान संविधान सभा में जवाहरलाल नेहरू द्वारा रखे गए उद्देश्य प्रस्ताव के भाग थे ?

1. मूल अधिकार
2. अल्पसंख्यकों, जनजातियों, दलित और अन्य पिछड़े वर्गों की सुरक्षा
3. विश्व शांति को और मानवता बढ़ावा का कल्याण

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**28.** निम्नलिखित में से कौन संविधान सभा का के सदस्य नहीं था थे?

1. महात्मा गांधी 2. एम. ए. जिना
3. एच. सी. मुखर्जी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

**29.** सूची-1 (भारतीय संविधान के मद) को सूची-11 (जिस वेश से अपनाया गया ) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

| सूची (I) (भारतीय संविधान) | | सूची (II) (जिस देश से अपनाया गया) |
|---|---|---|
| A. राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत | - | 1. ऑस्ट्रेलिया |
| B. मूल अधिकार | - | 2. कनाडा |
| C. संघ- राज्य सम्बन्धों की समवर्ती सूची | - | 3. आयरलैण्ड |
| D. भारत राज्यों का संघ है तथा संघ में अधिक शक्ति निहित है | - | 4. यूनाइटेड किंगडम |
| | - | 5. संयुक्त राज्य अमेरिका |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 5 | 2 | 1 |
| (c) | 5 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 5 | 1 | 2 |

**30.** संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे?

(a) के. एम. मुंशी (b) डी. पी. खेतान
(c) डॉ. बी अम्बेडकर (b) टी. टी. कृष्णमाचार्य

## Answer- Key

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (a) | 02. | (c) | 03. | (d) | 04. | (c) | 05. | (d) |
| 06. | (a) | 07. | (a) | 08. | (a) | 09. | (d) | 10. | (a) |
| 11. | (d) | 12. | (b) | 13. | (c) | 14. | (d) | 15. | (d) |
| 16. | (a) | 17. | (c) | 18. | (c) | 19. | (b) | 20. | (c) |
| 21. | (a) | 22. | (a) | 23. | (c) | 24. | (a) | 25. | (d) |
| 26. | (b) | 27. | (d) | 28. | (c) | 29. | (d) | 30. | (c) |

KHAN GLOBAL STUDIES KHAN SIR

# BPSC Mentorship
## Economics - MCQ (38)

**1.** आर्थिक विकास का सर्वोत्तम सूचकांक उपलब्ध कराया जाता है-
(a) वर्ष प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति वास्तविक आय में वृद्धि द्वारा
(b) वर्तमान कीमतों पर राष्ट्रीय आय में वृद्धि द्वारा
(c) पंचत अनुपात में वृद्धि द्वारा
(d) भुगतान संतुलन की स्थिति में सुधार द्वारा

**2.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. भारत अपनी GDP का 1 प्रतिशत से अधिक, अनुसंधान व विकास (R & D) पर व्यय करता है।
2. बीते कुछ वर्षो में भारत का R & D पर व्यय, GDP की है। तुलना में बढ़ा
3. चीन की तुलना में भारत का R & D पर व्यय, GDP की तुलना में कम है। ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-सा / से सही है/हैं?
(a) 1, 2 और 3 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और (d) केवल 3

**3.** राष्ट्रीय आय लेखा में सकल विनियोजन से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. यह आवासीय तथा गैर आवासीय निर्माण से जुड़ी मदों को सम्मिलित करता है।
2. यह उत्पादकों द्वारा टिकाऊ वस्तुओं पर किए गए व्यय को ध्यान में रखता है।
3. यह व्यावसायिक इन्वेन्ट्री में आए परिवर्तनों को सम्मिलित करता है। उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2, और 3

**4.** राष्ट्रीय आय की गणना में निम्न में से किसको शामिल किया जाता है?
(a) गृहिणी की सेवा (b) सेवा निवृत्ति वेतन (पेन्शन)
(c) तस्करों की आय (d) चौकीदार की आय

**5.** मूल्य में वृद्धि से राष्ट्रीय आय में वृद्धि को कहा जाता है-
(a) राष्ट्रीय आय में वास्तविक वृद्धि
(b) स्थिर मूल्य पर राष्ट्रीय आय में वृद्धि
(c) राष्ट्रीय आय में मुद्रा की वृद्धि
(d) मूल्य के आधार पर राष्ट्रीय आय में वृद्धि

**6.** राष्ट्रीय आय आकलन के लिए जानकारी का संकलन किसके द्वारा किया जाता है?
(a) वित्त मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा
(b) रिजर्व बैंक द्वारा
(c) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन द्वारा
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**7.** प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, आर्थिक कल्याण में स्वत: ही वृद्धि सुनिश्चित नहीं करती, क्योंकि-
1. आय का वितरण पता नहीं होता है।
2. संवृद्धि दर पता नहीं होती है।
3. यह औसतों की सीमाओं से प्रभावित होती है।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**8.** यदि नियत और आयात बराबर हैं तो इनमें से कौन-सा संबंध सही होगा?
(a) सकल घरेलू उत्पाद = सकल राष्ट्रीय उत्पाद
(b) सकल घरेलू उत्पाद > सकल राष्ट्रीय उत्पाद
(c) सकल घरेलू उत्पाद < सकल राष्ट्रीय उत्पाद
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** निम्नलिखित में से कौन-कौन सी भारत में राष्ट्रीय आय अनुमान की सीमाएँ हैं?
1. मुद्राहीन क्षेत्रक का उत्पादन
2. छोटे उत्पादकों या गृह उद्यमों की आय के बारे में आँकड़ों का न मिल पाना
3. असूचित विधिक आय 4. मुद्रास्फीति
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) 1, 2, 3 और 4 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 1 और 4

**10.** फर्नीचर के निर्माण में प्रयुक्त इस्पात की चादरें किसका उदाहरण हैं?
(a) मध्यवर्ती माल (b) अंतिम माल
(c) निवेश माल (d) उपभोक्ता माल

**11.** निम्नलिखित मदों पर विचार कीजिए, जिन्हें भारत में थोक मूल्य सूचकांक के आकलन में भारण दिया जाता है-
1. प्राथमिक वस्तुएँ 2. ईंधन, बिजली और स्नेहक
3. खाद्य वस्तुएँ 4. रसायन और रासायनिक उत्पाद
थोक मूल्य सूचकांक में इनके भारण के अनुसार, उपरोक्त मदों का, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही अवरोही अनुक्रम है?
(a) 1-2-3-4 (b) 4-3-2-1
(c) 1-4-2-3 (d) 1-3-2-4

**12.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए, जो साधन कीमतों के विनिधरिण से सम्बन्धित हैं-
1. साधन कीमतों के विनिर्धारण की प्रक्रिया, वस्तुओं की कीमतों के विनिर्धारण की प्रक्रिया से मूलत: भिन्न नहीं होती।
2. साधन कीमतों का विनिर्धारण, माँग पूर्ति बलों द्वारा होता है।
3. अन्तर, उत्पादक संसाधनों की मांग एवं पूर्ति के निर्धारकों के कारण होता है।
उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
(a) 1, 2 तथा 3 (b) केवल 1 तथा 2
(c) केवल 2 तथा 3 (d) केवल 1 तथा 3

**13.** भारत में पहली बार वैज्ञानिक तरीके से राष्ट्रीय आय की गणना करने वाले अर्थशास्त्री ............हैं-
(a) जगदीश भगवती (b) वी.के. आर.वी. राव
(c) कौशिक बसु (d) मनमोहन सिंह

**14.** जी.डी.पी. सूचकांक के क्षेत्रवार वितरण से किस का मापन किया जा सकता है?
(a) देश का कृषि संबंधी विकास
(b) देश का सामाजिक विकास
(c) देश का सामाजिक तथा आर्थिक विकास
(d) देश का आर्थिक विकास

**15.** सैद्धांतिक रूप से यदि आर्थिक विकास की कल्पना की जाती है, तो इनमें से किस एक को साधारणत: ध्यान में नहीं रखा जाता है?
(a) सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि
(b) विश्व बैंक से वित्तीय सहायता में वृद्धि
(c) सकल राष्ट्रीय उत्पाद में वृद्धि
(d) प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय उत्पाद में वृद्धि

**16.** उत्पाद - विधि द्वारा राष्ट्रीय आय का परिकलन करने की विधि को यह भी कहा जाता है-
(a) आय-विधि (b) मूल्यवर्धित विधि
(c) व्यय विधि (d) निवल उत्पाद विधि

**17.** सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) और निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) के बीच अंतर किसके बराबर होता है?
(a) टिकाऊ वस्तुओं पर उपभोक्ता व्यय-
(b) प्रत्यक्ष करों से आय
(c) अप्रत्यक्ष करों से आय
(d) पूँजी मूल्य हास

**18.** निम्नलिखित में से किसको राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं किया जाता है?
(a) मालिक के कब्जे में मकानों का आरोपित किराया
(b) नए पुलों के निर्माण पर किया गया सरकारी व्यय
(c) लॉटरी जीतना
(d) किसी मकान की बिक्री के लिए एजेन्ट को दिया गया कमीशन

**19.** निम्नलिखित में से कौन-सी, राष्ट्रीय आय के मापन की विधि नहीं है?
(a) मूल्य वर्धित विधि (b) आय विधि
(c) निवेश विधि (d) व्यय विधि

**20.** किसी व्यक्ति के वास्तविक जीवन स्तर का आकलन किया जा सकता है-
(a) सकल राष्ट्रीय आय द्वारा (b) निवल राष्ट्रीय आय द्वारा
(c) प्रति व्यक्ति आय द्वारा (d) प्रयोज्य निजी आय द्वारा

**21.** उत्पादन लागत पर राष्ट्रीय आय, निम्नलिखित में से किसके बराबर होती है?
(a) निवल राष्ट्रीय उत्पाद अप्रत्यक्ष कर + सब्सिडी
(b) निवल राष्ट्रीय उत्पाद प्रत्यक्ष कर + सब्सिडी
(c) सकल राष्ट्रीय उत्पाद मूल्य हास प्रभार
(d) निवल राष्ट्रीय उत्पाद विदेश से निवल आय

**22.** प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि से लोगों के आर्थिक कल्याण में वृद्धि का संकेत उस स्थिति में नहीं माना जाता है जब-
(a) ऐसी वृद्धि, सुखदों के वर्धित उत्पादन के परिणामस्वरूप हुई हो
(b) ऐसी वृद्धि, कृषि उत्पादन में वृद्धि के परिणामस्वरूप हुई हो
(c) ऐसी वृद्धि. औद्योगिक माल के उत्पादन में वृद्धि का परिणाम हो
(d) ऐसी वृद्धि, मादकों के वर्धित उत्पादन का परिणाम हो

**23.** भारत में राष्ट्रीय आय का अभिकलन करते समय निम्नलिखित में से किन क्षेत्रों में गुणन उत्पाद विधि का इस्तेमाल किया जाता है?
1. कृषि तथा उससे सम्बद्ध उद्योग
2. खान एवं उत्खनन 3. पंजीकृत विनिर्माण
4. अपंजीकृत विनिर्माण
नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए-
(a) केवल 2, 3 और 4 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1 और 2 (d) केवल 1, 3 और 4

**24.** सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. यह अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के समग्र उत्पादन को मापता है।
2. यह विदेशों में रह रहे देश के नागरिकों के योगदान को सम्मिलित करता है।
3. यह देश की अर्थव्यवस्था में विदेशियों के योगदान को सम्मिलित करता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 2 और 3 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 1 (d) 1, 2 और 3

**25.** सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) किसी देश का सकल घरेलू उत्पाद (GDP) होता है, जिसमें विदेश से प्राप्त निवल आय सम्मिलित होती है। निम्नलिखित में से किसे 'विदेश से प्राप्त निवल आय' में शामिल किया जाता है?
1. निजी प्रेषण 2. बाह्य ऋणों पर ब्याज
3. बाह्य अनुदान
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**26.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. एक ही वर्ष के लिए निवल घरेलू उत्पाद (NDP), सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की तुलना में कम या उसके बराबर हो सकता है।
2. अर्थव्यवस्था का निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) सदैव एक ही वर्ष में उसके सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की तुलना में कम होता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**27.** निम्नलिखित सेवाओं में से किन सेवाओं को देश के सकल घरेलू उत्पाद में शामिल किया जाता है?
1. असंगठित क्षेत्र के कामगारों द्वारा प्रदान की गई सेवाएं।
2. विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों में उत्पादित सेवाएं।
3. विदेशों में स्थित सैन्य प्रतिष्ठानों में उत्पादित सेवाएं।
नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1.2 और 3

**28.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) अर्थव्यवस्था में उत्पादित वस्तुओं, सेवाओं की कीमतों तथा मात्रा, दोनों में परिवर्तन को दर्शाता है।
2. वास्तविक जी.डी.पी. केवल अर्थव्यवस्था में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं की मात्रा में होने वाले परिवर्तन को दर्शाती है।
3. जी.डी.पी. अपस्फीतिकारक, केवल ख अर्थव्यवस्था में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में होने वाले परिवर्तन को दर्शाता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

29. जी.डी.पी. को देश की आर्थिक सीमाओं के भीतर किए गए आर्थिक क्रियाकलापों के उत्पादन के रूप में परिभाषित किया जाता है। निम्नलिखित में से कौन-से, जी.डी.पी. गणना के संबंध में देश के आर्थिक प्रदेश का गठन करता है?
1. अंतर्राष्ट्रीय जल सीमा में मछली पकड़ने वाले जहाज, देश के निवासियों द्वारा संचालित तेल और प्राकृतिक गैस के रिंग।
2. विदेशों में स्थित देश के दूतावास, वाणिज्य दूतावास और सैन्य प्रतिष्ठान ।
3. दो अलग-अलग देशों के बीच संचालन करने वाले देश के निवासियों के स्वामित्वधीन जहाज और विमान ।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. जी.डी.पी. गणना की आय विधि में केवल उत्पादन के कारकों के द्वारा प्राप्त आयों पर ही विचार किया जाता है।
2. जी.डी.पी. गणना की आय विधि, उसी वर्ष की व्यय विधि की अपेक्षा, जी.डी.पी. का निम्न मान प्रस्तुत करती है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

31. राष्ट्रीय आय आकलन के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. किसी पूंजीगत वस्तु का मूल्यह्रास, इसकी लागत से स्वतंत्र होता है।
2. किसी पूंजीगत वस्तु के मूल्यह्रास में, किसी दुर्घटना के कारण वस्तु को हुई हानि पर विचार नहीं किया जाता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

32. राष्ट्रीय आय के आकलन की मूल्य वृद्धि विधि के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. कारक लागत पर सकल मूल्य वृद्धि में कोई भी कर सम्मिलित नहीं किया जाता।
2. आधार कीमत पर जी.वी.ए. में उत्पाद कर सम्मिलित नहीं होते, परंतु वस्तु पर दिया गया उत्पाद अनुदान सम्मिलित होता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

33. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रयोज्य आय (Disposable Income) का विवरण प्रस्तुत करता है?
(a) प्रत्यक्ष कर को घटाने के बाद शेष शुद्ध वेतन।
(b) अप्रत्यक्ष करों को घटाने के बाद शेष शुद्ध वेतन।
(c) मुद्रा-स्फीति को समायोजित करने के बाद शेष शुद्ध वेतन।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

34. आय आकलन की 'सकल' अवधारणा को 'निवल' अवधारणा में निम्नलिखित में से किसके द्वारा परिवर्तित किया जा सकता है?
(a) मुद्रा स्फीति हेतु समायोजन।
(b) विनिमय दर में उतार-चढ़ाव का समायोजन।
(c) बैंकों तथा अन्य वित्तीय संस्थाओं के बैड डेब्ट्स का समायोजन।
(d) मूल्य हास का समायोजन।

35. किसी देश के सकल घरेलू उत्पाद के लेखांकन के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. वस्तुओं तथा सेवाओं का स्वामित्व, जी.डी.पी. के लेखांकन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
2. किसी तेल कंपनी को महासागर में तेल के रिसाव से अरबों का नुकसान होता है। नुकसान की लागत को जी. डी.पी. की गणना में सम्मिलित नहीं किया जाता।
3. जी.डी.पी. में अवसर की लागत सम्मिलित होती है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

36. 36. राष्ट्रीय आय लेखा हेतु निम्नलिखित विधियों में से कौन-सी विधि/विधियों का उपयोग नहीं किया जाता है?
1. उपभोग विधि 2. मूल्य-वर्द्धित विधि
3. निवेश विधि
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

37. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, ग्रीन जी.डी.पी. के संबंध में सही है?
(a) यह पर्यावरणीय क्षति के समायोजन के बाद जी.डी.पी. के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला शब्द है।
(b) यह पारिस्थितिकी तंत्र में ग्रीनहाउस प्रभाव की वृद्धि को नियंत्रित करने का एक तरीका है।
(c) यह जी.डी.पी. का हिस्सा है, जो वनीकरण संबंधी प्रयासों के लिए प्रयुक्त किया जाता है।
(d) यह जी.डी.पी. के रूप में, जैव विविधता के नुकसान के आर्थिक परिणामों की गणना करता है।

38. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, हिन्दू विकास दर संदर्भित करती है-
(a) भारत में वर्ष 1991 के उदारीकरण के बाद बेरोजगारी के उच्च स्तर के साथ विकास की उच्च वार्षिक दर
(b) वर्ष 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था की कम वार्षिक वृद्धि दर
(c) वर्ष 1991 में उदारीकरण से पहले भारत की नियोजित अर्थव्यवस्था की कम वार्षिक वृद्धि दर ।
(d) वर्ष 2000 के दशक के दौरान भारत में उच्च राजकोषीय और चालू खाता घाटे की वजह से वृद्धि की उच्च वार्षिक दर

39. निम्नलिखित में से कौन-सा "आवश्यकताओं का दोहरा संयोग" को बेहतर वर्णित करता है?
(a) ऐसी स्थिति जहाँ दो आर्थिक पक्ष एक-दूसरे के अधिशेष उत्पादन के लिए पूरक माँग उत्पन्न करते हैं।
(b) ऐसी आर्थिक स्थिति जहाँ दो आर्थिक पक्षों को समरूप वस्तुओं की इच्छा होती है।
(c) ऐसी आर्थिक स्थिति जिसमें कुल माँग को असीम रूप से लोचदार माना जाता है।
(d) ऐसी आर्थिक स्थिति, जहां अर्थव्यवस्था में कुल माँग, आपूर्ति की दो गुनी है।

40. आय पद्धति के अनुसार, जी.डी.पी. के आकलन में, निम्न में से कौन-सा कार्य उत्पादन के कारण के रूप में है?
1. श्रम 2. उद्यमी
3. पूँजी 3. भूमि
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) 1, 2, 3 और 4 (b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1, 2 और 3 (d) केवल 1 और 4

**41.** सार्वजनिक और निजी वस्तुओं के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. निजी वस्तुओं के विपरीत, सार्वजनिक वस्तुओं की प्रकृति में प्रतिद्वंद्विता होती है, क्योंकि एक व्यक्ति द्वारा इनका उपभोग करने पर, दूसरे व्यक्ति को इससे वंचित रहना पड़ता है।

2. सार्वजनिक वस्तुओं के विपरीत, निजी वस्तुएँ अपरिहार्य प्रकृति की होती हैं, क्योंकि किसी भी व्यक्ति को इनका लाभ लेने से रोकने का कोई व्यावहारिक तरीका नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**42.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से सरकारी बजट का / के उद्देश्य हैं?

1. संसाधनों का पुन: आबंटन
2. आय और धन का पुनर्वितरण
3. आर्थिक स्थिरता को बनाए रखना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**43.** भारत की अर्थव्यवस्था के संदर्भ में 'देश की जी.डी.पी.' का क्या अर्थ है?

(a) बाजार मूल्य पर GDP
(b) कारक लागत मूल्य पर GDP
(c) आधार कीमत पर GVA
(d) सांकेतिक GDP

**44.** निम्नलिखित में से कौन-सा जी.डी.पी. अपस्फीतिक (डिफ्लेटर) का सही वर्णन है?

(a) यह मौद्रिक (नॉमिनल) GDP और वास्तविक GDP के बीच का अनुपात है।

(b) यह वर्तमान वर्ष में GDP और आधार वर्ष में ळक्ब के बीच का अनुपात है।

(c) यह GDP में परिवर्तन तथा इसके अनुरूप रोजगार दर में परिवर्तन के बीच का संबंध है।

(d) इसे विभिन्न देशों की GDP की तुलना करने के लिए उपयोग किया जाता है।

**45.** निम्नलिखित में से कौन-से घटक, देश के सकल घरेलू उत्पाद में शामिल होते हैं?

1. अंतिम वस्तुएँ 2. अंतिम सेवाएँ
3. मध्यवर्ती वस्तुएँ 4. विदेश से प्राप्त आय

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1.2 और 4 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 1. 3 और 4

**46.** किसी वित्तीय वर्ष के दौरान घरेलू अर्थव्यवस्था में, ह्रास को छोड़कर, होने वाले अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के कुल उत्पाद को कहते हैं-

(a) सकल घरेलू उत्पाद (GDP)
(b) सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP)
(c) शुद्ध घरेलू उत्पाद (NDP)
(d) शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (NNP)

**47.** निम्नलिखित में से कौन-से कारक, राष्ट्रीय आय के आकार को प्रभावित करते हैं?

1. तकनीकी विकास का स्तर 2. पूंजी
3. जनसांख्यिकीय संघटन 4. राजनीतिक स्थिरता

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1 और 4 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 3 और 4 (d) 1. 2. 3 और 4

**48.** निम्नलिखित में से कौन-से कारक यह प्रदर्शित करते हैं, कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) को देश के लोगों के कल्याण के वास्तविक सूचकांक के रूप में नहीं लिया जा सकता?

1. लोगों के बीच सकल घरेलू उत्पाद का असमान वितरण
2. गैर-मौद्रिक आदान-प्रदान
3. सकारात्मक बाह्यतायें

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**49.** अर्थव्यवस्था के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. निवल घरेलू उत्पाद, उसी वर्ष के सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में सदैव कम होता है।

2. एक अर्थव्यवस्था का सकल राष्ट्रीय उत्पाद, उसी वर्ष के सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में या तो कम या अधिक हो सकता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**50.** भारत का आर्थिक सर्वेक्षण, प्रत्येक वर्ष सरकारी तौर पर प्रकाशित किया जाता है-

(a) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा
(b) भारतीय योजना आयोग द्वारा
(c) भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा
(d) भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय द्वारा

**51.** राष्ट्रीय आय की लेखांकन की व्यय विधि के अंतर्गत निम्नलिखित में से किस/ किन व्यय / व्ययों को शामिल किया जाता है?

1. निवेश व्यय
2. पेंशन एवं छात्रवृत्ति पर सरकारी व्यय
3. शेयर एवं बॉन्ड पर व्यय नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 2 (c) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 3 (d) केवल 1

**52.** बाजार मूल्य पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. यह देश की घरेलू सीमा के भीतर निर्मित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का बाजार मूल्य है।

2. अर्थव्यवस्था का सकल उत्पाद (GNP) उस वर्ष के सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) से सदैव कम होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/है?

(a) केवल । (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**53.** भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. पिछले दशक के दौरान स्थिर मूल्य (रुपये में) पर शुद्ध राष्ट्रीय आय में निरंतर कमी आई है।

2. पिछले दशक के दौरान स्थिर मूल्य (रुपये में) पर प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय में निरंतर वृद्धि हुई है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/ है?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

54. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन वास्तविक ळक्न्च के संबंध में सही है?
(a) इसका मूल्यांकन वर्तमान बाजार मूल्य पर किया जाता है।
(b) इसमें स्थिर आधार वर्ष की कीमतों पर, अंतिम वस्तुओं और सेवाओं की मूल्य गणना की जाती है।
(c) यह राष्ट्रीय उत्पादों का उच्च बाजार मूल्य दर्शाता है।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

55. सकल मूल्य वर्धन (GVA) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. आधार मूल्य पर GVA में वस्तुओं पर उपलब्ध कर एवं उत्पादन सब्सिडी, दोनों सम्मिलित होते हैं।
2. कारक लागत पर GVA में कोई उत्पादन सब्सिडी सम्मिलित नहीं होती है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

56. घरेलू और राष्ट्रीय आय के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. घरेलू आय के विपरीत, राष्ट्रीय आय में विदेशों से प्राप्त निवल कारक आय भी सम्मिलित होती है।
2. राष्ट्रीय आय के विपरीत, घरेलू आय केवल एक देश के घरेलू क्षेत्र में उत्पन्न होती है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

57. निम्नलिखित में से कौन-सा/से व्यक्तिगत आय (Personal Income) का/ के घटक है/हैं?
1. परिवारों द्वारा किया गया शुद्ध ब्याज भुगतान
2. अंतरण भुगतान
3. फर्मों का अवितरित लाभ
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

58. देश के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की गणना करते समय निम्नलिखित में से किस पर विचार किया जाता है?
1. रेस्तरां द्वारा सब्जियों की खरीद
2. किसी परिवार के द्वारा उपभोग की गई आइसक्रीम
3. प्लांट और मशीनरी
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

59. अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, राष्ट्रीय प्रयोज्य आय (National Disposable Income) शब्द संदर्भित करता है-
(a) शेष विश्व से चालू हस्तान्तरण सहित बाजार मूल्य पर शुद्ध राष्ट्रीय आय
(b) मूल्यह्रास को छोड़कर बाजार मूल्य पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद
(c) शुद्ध अप्रत्यक्ष करों को छोड़कर बाजार मूल्य पर शुद्ध घरेलू उत्पाद
(d) अंतिम उपभोग व्यय सहित सकल राष्ट्रीय बचत

60. अर्थव्यवस्था में कुल अतिरिक्त योजनाबद्ध बचत (Total Additional Planned Savings) अर्थव्यवस्था की कुल अतिरिक्त आय के किस रूप में रहती है?
(a) उपभोग के प्रति सीमांत प्रवृति (Marginal propensity to consume MPC) के रूप में
(b) बचत दर के रूप में
(c) बचत के प्रति सीमांत प्रवृति (Marginal propensity to save MPS) के रूप में
(d) उपभोग दर के रूप में

61. सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. यह एक विनिर्दिष्ट समयावधि के दौरान किसी देश की भौगोलिक सीमाओं के भीतर उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं का मौद्रिक मूल्य निरूपित करता है।
2. यह सदैव सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में अधिक होता है
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है।
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1. न ही

62. देश के बृहद आर्थिक प्रदर्शन की गणना के लिए बृहत जोखिम सूचकांक (Macro&Vulnerability Index MVD) का प्रयोग किया जाता है। डटए के निर्धारण में निम्नलिखित में से किन कारकों का उपयोग किया जाता है?
1. चालू खाता घाटा 2. राजकोषीय घाटा
3. प्राथमिक घाटा 4. मुद्रास्फीति की दर
5. विनिमय दर
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) केवल 2, 4 और 5 (b) केवल 3, 4 और 5
(c) केवल 1, 2 और 4 (d) केवल 1, 2, 4 और 5

63. राष्ट्रीय आय लेखांकन के लिए मूल्य- वर्धित विधि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. कारक लागत पर सकल वर्धित मूल्य (GVA) में कोई कर नहीं सम्मिलित होता है।
2. आधार कीमतों पर GVA में उत्पाद कर नहीं सम्मिलित होता है और वस्तु पर उपलब्ध सब्सिडी सम्मिलित होती है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/है?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1. न ही 2

64. निम्नलिखित में से किसे राष्ट्रीय आय कहा जाता है?
(a) कारक लागत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद
(b) बाजार मूल्य पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद
(c) कारक लागत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद
(d) बाजार मूल्य पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद

65. घर-परिवारों द्वारा प्राप्त किए जाने वाले राष्ट्रीय आय के भाग को व्यक्तिगत आय कहा जाता है। राष्ट्रीय आय के निम्नलिखित में से किस किन घटक/पटकों को व्यक्तिगत आय में सम्मिलित नहीं किया जाता है?
1. सरकारी उद्योगों के अवितरित लाभ
2. कंपनी कर
3. घर परिवारों द्वारा किए गए निवल ब्याज भुगतान।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 (d) 1.2 और 3

66. भारत के आंतरिक व्यापार के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. भारत में वस्तुओं का अंतर्राज्यीय व्यापार GDP के 10 प्रतिशत से भी कम है।
2. महाराष्ट्र, भारत में सबसे बड़ा निर्यातक और साथ ही सबसे बड़ा आयातक राज्य है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

67. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. पिछले दशक में, सकल स्थिर पूँजी निर्माण के GDP से अनुपात में निरंतर वृद्धि हुई है।
2. पिछले दशक में, घरेलू बचत के GDP से है। अनुपात में निरंतर वृद्धि हुई
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

68. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सी कार्रवाइयाँ निवेश को बढ़ावा देंगी?,
1. ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बेहतर बनाने हेतु सुधार करना।
2. दोहरे तुलन-पत्र की समस्या के समाधान हेतु, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उठाए गए कदम।
3. एंटी डंपिंग ड्यूटी को हटाया जाना। नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) केवल 1 (c) केवल 2
(b) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

69. यदि एक दी हुई समयावधि में कीमतें तथा मौद्रिक आय, दोनों दो गुनी हो जाएँ, तो वास्तविक आय-
(a) दो गुनी हो जाएगी (b) आधी रह जाएगी
(c) अपरिवर्तित रहेगी
(d) कीमतें वास्तविक आय को प्रभावित नहीं करती हैं।

70. किसी देश की आर्थिक संवृद्धि का सबसे उपयुक्त मापदंड है, उसका-
(a) सकल घरेलू उत्पाद (b) निवल घरेलू उत्पाद
(c) सकल राष्ट्रीय उत्पाद (d) प्रति व्यक्ति वास्तविक आय

## Answer- Key

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (a) | 02. | (b) | 03. | (d) | 04. | (d) | 05. | (d) |
| 06. | (c) | 07. | (d) | 08. | (d) | 09. | (a) | 10. | (a) |
| 11. | (d) | 12. | (a) | 13. | (b) | 14. | (b) | 15. | (b) |
| 16. | (d) | 17. | (d) | 18. | (c) | 19. | (c) | 20. | (d) |
| 21. | (a) | 22. | (d) | 23. | (b) | 24. | (b) | 25. | (d) |
| 26. | (d) | 27. | (d) | 28. | (d) | 29. | (d) | 30. | (a) |
| 31. | (b) | 32. | (a) | 33. | (a) | 34. | (d) | 35. | (b) |
| 36. | (c) | 37. | (a) | 38. | (c) | 39. | (a) | 40. | (a) |
| 41. | (d) | 42. | (d) | 43. | (a) | 44. | (a) | 45. | (b) |
| 46. | (c) | 47. | (d) | 48. | (d) | 49. | (c) | 50. | (c) |
| 51. | (d) | 52. | (d) | 53. | (b) | 54. | (b) | 55. | (d) |
| 56. | (c) | 57. | (c) | 58. | (c) | 59. | (a) | 60. | (c) |
| 61. | (d) | 62. | (c) | 63. | (a) | 64. | (c) | 65. | (c) |
| 66. | (b) | 67. | (d) | 68. | (b) | 69. | (c) | 70. | (d) |

KHAN GLOBAL STUDIES
Cold Storage Campus, Musallahpur, Patna-6
KHAN SIR

# BPSC Mentorship
# Current Affairs - MCQ (38)

1. केंद्र सरकार ने किस वर्ष 'स्मार्ट सिटी अभियान' की शुरुआत की थी।
(a) 2015 (b) 2016
(c) 2017 (d) 2018

2. निम्नलिखित में से किसे मार्च 2023 में 'ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया के जनरल डिवीजन में एक मानद अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था?
(a) अजीम प्रेमजी (b) मुकेश अम्बानी
(c) गौतम अडानी (d) रतन टाटा

3. हाल ही में तमिल उपन्यास 'पुक्कुशी' को 'अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2023 की लंबी सूची के लिए नामांकित किया गया है। इसके लेखक हैं?
(a) सुन्दर रामस्वामी (b) सुजाता रंगराजन
(c) पेरुमल मुरुगन (d) चिदम्बर सुब्रह्मण्यन

4. 'मखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट, 'SAFF चौंपियनशिप के 2023 संस्करण' का मेजबान शहर है?
(a) हैदराबाद (b) बेंगलुरु
(ब) चेन्नई (d) लखनऊ

5. प्रतिवर्ष 23 मार्च को शहीद दिवस मनाया जाता है क्योंकि 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु को में फांसी दी गई थी।
(a) लाहौर सेंट्रल जेल (b) तिहाड़ जेल दिल्ली
(c) नैनी जेल प्रयागराज (d) गोरखपुर सेन्ट्रल जेल

6. मार्च 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस स्थान पर वन वर्ल्ड टीबी समिट- 2023' का उद्घाटन किया था?
(a) गांधीनगर (b) सूरत
(c) इंदौर (d) वाराणसी

7. 'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट -2023' के अनुसार किस देश में स्वनिर्मित अरबपतियों की संख्या अधिकतम है?
(a) संयुक्त राज्य अमेरिका (b) चीन
(c) भारत (d) जापान

8. हाल ही में मनाया गया वसंत महोत्सव 'सरहुल' किस राज्य से सम्बंधित है?
(a) कर्नाटक (b) बिहार
(c) झारखण्ड (d) ओडिशा

9. राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान ने 'यू-20' संपर्क समारोह के अन्तर्गत किस स्थान पर पहले शहरी जलवायु फिल्मोत्सव का आयोजन किया था?
(a) बंगलुरु (b) अहमदाबाद
(c) नई दिल्ली (d) मुम्बई

10. हाल ही में प्रथम भारतीय महिला खिलाड़ी के रूप में किसके नाम पर रायबरेली के 'हॉकी स्टेडियम' का नाम रखा गया है?
(a) सविता पूनिया (b) रानी रामपाल
(c) सलीमा टेटे (d) संगीता कुमारी

11. हाल ही में किस देश के क्रिकेटर 'आसिफ शेख' को '2022 क्रिस्टोफर मार्टिन जेंकिंस स्पिरिट ऑफ क्रिकेट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
(a) पाकिस्तान (b) अफगानिस्तान
(c) बांग्लादेश (d) नेपाल

12. 'अरावली ग्रीन वाल प्रोजेक्ट' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. इस पहल का उद्देश्य पांच राज्यों में फैली 'अरावली पर्वत श्रृंखला' के बफर क्षेत्र को हरित बनाना है।
2. यह प्रोजेक्ट 'केंद्रीय वन मंत्रालय के भूमि क्षरण और मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए देश भर में ग्रीन कॉरिडोर तैयार करने के विजन का हिस्सा है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

13. 'असम राइफल्स' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. ये भारत का सबसे पुराना अर्धसैनिक बल है जिसकी स्थापना 'ब्रिटिश राज' में की गयी थी ।
2. यह दोहरी नियंत्रण संरचना वाला भारत का एकमात्र अर्धसैनिक बल है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

14. हाल ही में 'मित्र' ब्रिक्स समर्थित न्यू डेवलपमेंट बैंक का नया सदस्य बना है। इस संस्थान मुख्यालय अवस्थित है -
(a) बीजिंग में (b) शंघाई में
(c) सिंगापुर में (d) बैंकाक में

15. मार्च 2023 में किस राज्य के नंबोल, लीमाखोंग, मोइरांग और वांगोई नामक क्षेत्रो से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम 1958 के अन्तर्गत अशांत क्षेत्र का दर्जा हटा लिया गया था?
(a) नागालैंड (b) मणिपुर
(c) असम (d) अरुणाचल प्रदेश

**16.** सूची-I (IBA महिला मुक्केबाजी चैम्पियनशिप 2023 के पदक विजेता) को सूची-II (सम्बंधित भारवर्ग) से सुमेलित कीजिये:

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| A) | निकहत जरीन | I) | 50 किलो |
| B) | लवलीना बोरगोहेन | II) | 75 किलो |
| C) | नीतू घनघस | III) | 48 किलो |
| D) | स्वीटी बूरा | IV) | 81 किलो |

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | I | II | III | IV |
| (b) | III | II | IV | I |
| (c) | II | III | IV | I |
| (d) | IV | III | II | I |

**17.** हाल ही में पुरातत्वविदों की एक टीम ने फारस की खाड़ी में स्थित सिनियाह द्वीप पर इस क्षेत्र का सबसे पुराना मोती का शहर ढूंढा है। यह द्वीप किस देश के अधिकार क्षेत्र में आता है?

(a) ईरान (b) मिस्र
(c) संयुक्त अरब अमीरात (d) कतर

**18.** हाल ही में चर्चा में रहे रामसर स्थल वेम्बनाड झील एवं 'अष्टमुडी झील' किस राज्य में स्थित है?

(a) तमिलनाडु (b) कर्नाटक
(c) आँध्रप्रदेश (d) केरल

**19.** हाल ही में 'वैकोम सत्याग्रह' के 100 पूरे हुए, इस सत्याग्रह के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह एक हिंसक विरोध था जो त्रावणकोर साम्राज्य में हुआ था।
2. यह विरोध क्षेत्र में प्रचलित कठोर और दमनकारी जाति व्यवस्था के खिलाफ था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**20.** देश का पहला केबल रेल ब्रिज जोकि 'अंजी नदी' पर निर्माणाधीन है, किस राज्य / केन्द्रशासित में स्थित है?

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) सिक्किम
(c) जम्मू और कश्मीर (d) लद्दाख

**21.** हाल ही में चर्चा में रहे 'प्रोजेक्ट एलीफैंट' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह भारत में हाथियों और उनके आवासों की रक्षा के लिए शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. इसे वर्ष 1972 में शुरू किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**22.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. 'भगवान बसवेश्वर' 12वीं सदी में एक दार्शनिक और सामाजिक सुधारक थे।
2. 'नाडाप्रभु केंपेगौडा' को आधुनिक बैंगलोर के संस्थापक माने जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**23.** हाल ही में की किस देश की पूर्व राष्ट्रपति डिल्मा रूसेफ न्यू डेवलपमेंट बैंक की नई प्रमुख चुनी गई थी?

(a) दक्षिण अफ्रीका (b) ब्राजील
(c) रूस (d) चीन

**24.** मार्च 2023 में निम्नलिखित में से किस संगठन / संस्थान ने 'Triple Threat' शीर्षक वाली रिपोर्ट जारी की थी जो जल संकट से सम्बंधित है?

(a) यूनिसेफ (b) UNCTAD
(c) WMO (d) UNEP

**25.** मार्च 2023 में 'दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग' ने .........में स्थित 'तपोबन NGO' को स्वास्थ्य और पोषण श्रेणी में 'चिल्ड्रन चौंपियन अवार्ड 2023' से सम्मानित किया था।

(a) त्रिपुरा (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) असम (d) मेघालय

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. (a) | 02. (d) | 03. (c) | 04. (b) | 05. (a) |
| 06. (d) | 07. (b) | 08. (c) | 09. (c) | 10. (b) |
| 11. (d) | 12. (c) | 13. (c) | 14. (b) | 15. (b) |
| 16. (a) | 17. (c) | 18. (d) | 19. (b) | 20. (c) |
| 21. (a) | 22. (c) | 23. (b) | 24. (a) | 25. (c) |

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC - Mentorship
## Current Affairs Capsule-38

## 23 मार्च

### *टर्मिनेटर जोन*

- कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, इरविन के वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन किया है जो एक्सोप्लैनेट्स के "टर्मिनेटर जोन" में मौजूद एलियन जीवन की संभावना का सुझाव देता है। ये ऐसे क्षेत्र हैं जो बहुत गर्म या बहुत ठंडे नहीं हैं।
- एक्सोप्लैनेट ऐसे ग्रह हैं जो हमारे सौर मंडल के बाहर मौजूद हैं, और उनमें से कई ज्वारीय रूप से बंद हैं। इसका मतलब यह है कि ग्रह का एक पक्ष हमेशा उस तारे का सामना करता है जिसकी वह परिक्रमा करता है, जबकि दूसरा पक्ष हमेशा अंधकार में रहता है।
- 'टर्मिनेटर' एक्सोप्लैनेट के दिन पक्ष और रात पक्ष के बीच विभाजन रेखा है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि इन ग्रहों के चारों ओर एक बैंड है, जिसे "टर्मिनेटर जोन'' के रूप में जाना जाता है, जहाँ तरल पानी के अस्तित्व के लिए बिल्कुल सही तापमान है।

### *विश्व मौसम विज्ञान दिवस*

- हर साल 23 मार्च को 'विश्व मौसम विज्ञान दिवस' मनाया जाता है।
- विश्व मौसम दिवस 2023 के लिए थीम जनरेशन के साथ मौसम, जलवायु और जल का भविष्य? है।
- 23 मार्च को इसलिए चुना गया है क्योंकि 1950 में उस दिन विश्व मौसम संगठन (World Meteorological Organization) की स्थापना हुई थी।
- यह संगठन अंतर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान संगठन (IMO) से उत्पन्न हुआ है, जिसका विचार वियना अंतर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान कांग्रेस 1873 में निहित है।

## 24 मार्च

### *वन वर्ल्ड टीबी शिखर सम्मेलन*

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में वन वर्ल्ड टीबी शिखर सम्मेलन को संबोधित किया।
- प्रधानमंत्री ने टीबी को समाप्त करने की दिशा में कुछ चुनिंदा राज्यों / केन्द्र शासित प्रदेशों और जिलों की प्रगति के लिए उन्हें सम्मानित भी किया।
- राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले राज्यों में कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर तथा जिला स्तर पर नीलगिरी (तमिल नाडु), पुलवामा और अनंतनाग (जम्मू कश्मीर) जिले थे।

### *लोकसभा सदस्यता*

- कांग्रेस नेता 'राहुल गांधी' की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई है। गुजरात में सूरत की अदालत ने उन्हें एक विवादित बयान के मामले में दोषी करार देते हुए दो वर्ष की सजा सुनाई थी।
- श्री राहुल गांधी केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गये थे।
- जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8, (3) के अनुसार, किसी भी अपराध के लिए दोषी ठहराए गए सांसद या विधायक को सजा की तारीख से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

### *हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट*

- वर्ष 2023 के M3M हुरून ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार, भारत अरबपतियों की संख्या के मामले में तीसरे स्थान पर है। पहले नंबर पर चीन आता है।
- चीन के स्व निर्मित अरबपतियों के संख्या की बात किया जाए तो इसकी संख्या 891 है।
- स्व निर्मित अरबपतियों की संख्या के मामले में दूसरे नंबर पर अमेरिका आता है। अमेरिका में कुल स्व निर्मित अरबपतियों की संख्या 496 है।
- हुरून की सूची में दर्शाया गया है कि भारत में 105 स्वयं बने अरबपति हैं, जो इस श्रेणी में तीसरे स्थान पर आते हैं।

## 25 मार्च

### *अरावली ग्रीन वाल प्रोजेक्ट*

- केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री 'श्री भूपेंद्र यादव' ने हरियाणा के टिकली गांव में अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 'अरावली ग्रीन वाल प्रोजेक्ट' का उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य पांच राज्यों में फैली अरावली पर्वत श्रंखला के लगभग 5 किमी के बफर क्षेत्र को हरित बनाना है।

- यह प्रोजेक्ट केंद्रीय वन मंत्रालय के भूमि क्षरण और मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए देश भर में ग्रीन कॉरिडोर तैयार करने विजन का हिस्सा है।
- इस परियोजना में हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली राज्य शामिल हैं जहां 60 लाख हेक्टेयर क्षेत्र पर अरावली की पहाड़ियां फैली हैं।
- यह परियोजना स्थानीय समुदायों की आजीविका बढ़ाने के लिए कृषि वानिकी और चरागाह विकास पर भी ध्यान केंद्रित करेगी।

***असम राइफल्स***

- 24 मार्च को असम राइफल्स स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस बार इसका 188वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।
- असम राइफल्स भारत का सबसे पुराना अर्धसैनिक बल है। इसकी शुरुआत यह ब्रिटिश राज के तहत 1835 में हुई थी। पहले इसका नाम Cachar Levy हुआ करता था। वर्ष 1917 में असम राइफल्स नाम रखा गया।
- इसका आदर्श वाक्य 'उत्तर-पूर्व के प्रहरी' (Sentinels of the North East) है।
- यह केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करता है, जबकि इसकी पैरेंट एजेंसी भारतीय सेना है।

***असम राइफल्स का मुख्यालय 'शिलोंग' में है।***

- यह दोहरी नियंत्रण संरचना वाला एकमात्र अर्धसैनिक बल है। इसका मतलब है कि इसका नियंत्रण भारतीय सेना के पास है, जबकि इसका वेतन और बुनियादी ढांचा गृह मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जाता है।

## 26 मार्च

- विश्व महिला मुक्केबाजी चौम्पियनशिप नई दिल्ली में 'विश्व महिला मुक्केबाजी चौम्पियनशिप' में निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन ने अपने-अपने वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीत लिए हैं।
- 50 किलो लाइट फ्लाइवेट वर्ग के फाइनल में निकहत ने वियतनाम की ग्वेन थी टैम को पांच-शून्य से हराया।
- निकहत, छह बार की विश्व चौम्पियन एम.सी. मैरीकॉम के बाद दो बार यह खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय बन गई हैं।
- लवलीना ने 75 किलो मिडल वेट वर्ग के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की 'एनी कैटलीन पार्कर' को अंकों के आधार पर हराकर प्रतियोगिता में भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाया।
- इससे पहले नीतू घनघस और स्वीटी बूरा ने अपने-अपने वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीते।
- इससे पहले भारतीय दिग्गज मुक्केबाज 'एमसी मैरीकॉम' ने इस चौम्पियनशिप में रिकॉर्ड 6 बार गोल्ड मेडल (2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018) जीत चुकी हैं।

## 27 मार्च

***केरल के सर्वोच्च नागरिक सम्मान***

- केरल के राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खान ने सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रतिष्ठित हस्तियों को पहला 'केरल पुरस्कारंगल' राज्य पुरस्कार प्रदान किया है।

***देश का पहला केबल रेल ब्रिज***

- जम्मू और कश्मीर में अंजी नदी (चिनाब नदी की एक सहायक नदी) पर भारत के पहले केबल आधारित रेलवे पुल के मई 2023 तक तैयार होने की उम्मीद है। कटरा और रियासी स्टेशनों के बीच अंजी पुल जम्मू और कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश के रियासी जिले में पड़ता है।
- यह महत्त्वाकांक्षी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला-रेल लिंक (USBRL) परियोजना का हिस्सा है।
- इस परियोजना को मार्च 2002 में राष्ट्रीय महत्त्व की परियोजना घोषित किया गया था। यह स्वतंत्रता के बाद की सबसे बड़ी पर्वतीय रेलवे परियोजना भी है।

***अर्थ आवर डे***

- विश्व में हर साल 'वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर' की तरफ से हर साल मार्च के महीने में आखिरी शनिवार को 'अर्थ आवर डेश का आयोजन किया जाता है।
- इस दिन रात 8:30 से 9:30 बजे तक दुनिया भर के करोड़ों लोग अपनी स्वेच्छा से एक घंटे के लिए लाइट बंद कर देते हैं।
- 'अर्थ आवर' को पहली बार 31 मार्च, 2007 को सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में मनाया गया था।
- इस साल अर्थ आवर 25 मार्च, 2023 को मनाया गया।

**वैकोम सत्याग्रह *(Vaikom Satyagraha)***

- 1 अप्रैल, 2023 को 'वैकोम सत्याग्रह' का शताब्दी समारोह शुरू होगा।
- द्रविड़ आंदोलन के जनक पेरियार ने वैकोम सत्याग्रह में भाग लिया और इसके अंत तक सभी चरणों में संघर्ष में सबसे आगे रहे। उनके योगदान को स्वीकार करते हुए, उन्हें वैकोम के नायक श्वैकोम वीरश के रूप में भी जाना जाने लगा।
- यह एक अहिंसक विरोध था जो 30 मार्च 1924 से 23 नवंबर 1925 तक त्रावणकोर साम्राज्य में हुआ था, जो अब भारतीरल का हिस्सा है।

❑❑❑

# KHAN GLOBAL STUDIES

KGS Campus, Near Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna-6

Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC MENTORSHIP (WEEKLY SCHEDULED)

## 26 June 2023 to 30 June 2023

**Time : 8:00AM to 11:00AM**

| | | |
|---|---|---|
| **26.06.2023** | **POLITY (MCQ)** | संविधान में अनुच्छेद/अनुसूची/संविधान संशोधन |
| | **ECONOMICS (MCQ)** | राष्ट्रीय आय एवं आर्थिक विकास |
| | **BIHAR (MCQ)** | प्राचीन कालीन बिहार (प्रागैतिहासिक काल, ऐतिहासिक काल) |
| | **CURRENT (MCQ)** | कला एवं संस्कृति 2023 |
| | **CURRENT CAPSULE** | संपादकीय (1 मई) |
| **27.06.2023** | **POLITY (MCQ)** | उद्देशिका/राष्ट्रीय प्रतीक, शासन प्रणाली, राज्य/संघ राज्यक्षेत्र |
| | **ECONOMICS (MCQ)** | कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र |
| | **BIHAR (MCQ)** | प्राचीन बिहार में शासन प्रबन्ध |
| | **CURRENT (MCQ)** | प्रमुख मेले और त्योहार |
| | **CURRENT CAPSULE** | संपादकीय (2 मई) |
| **28.06.23** | **POLITY (MCQ)** | नागरिकता, मूल अधिकार |
| | **ECONOMICS (MCQ)** | कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र |
| | **BIHAR (MCQ)** | जैन धर्म और बिहार |
| | **CURRENT(MCQ)** | महत्त्वपूर्ण शिखर सम्मेलन |
| | **CURRENT CAPSULE** | संपादकीय (3 मई) |
| **29.06.2023** | **FULL LENGTH TEST (150 Question)** | |
| **30.06.2023** | **EASSY** | मौर्य कला की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए तथा बौद्ध धर्म के साथ उनके संबंध पर भी प्रकाश डालिए। |